INDIAN JOURNAL OF APPLIED RESEARCH

Journal for All Subjects

www.ijar.in

Volume - 7 | Issue - 1 | JANUARY 2017

₹ 500

प्राचार्य
शास.रानी मुर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

RESEARCH PAPER | Commerce | Volume - 7 | Issue - 1 | January - 2017 | ISSN - 2249-555X | IF : 3.919 | IC Value : 79.96

छत्तीसगढ राज्य में खनिज की स्थिति एवं उत्पादन

KEYWORDS

डॉ. एच.एस. भाटिया
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय रानी. सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
निर्देशक

श्वेता तिवारी
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)
शोधकर्ता

प्रस्तावना –

खनिज संसाधन मानव सभ्यता एवं संस्कृति के आधारभूत स्तंभ माने जाते है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी प्राकृतिक संपदा के दोहन पर निर्भर करती है। प्राचीन काल से ले कर वर्तमान तकनीकी एवं वैज्ञानिक युग में खनिजों का उपयोग निरंतर किसी ना किसी रूप में होता चला आ रहा है। राष्ट्र की आर्थिक संरचना पर औद्योगीकरण का विशिष्ट प्रभाव पड़ता है, इसलिए आधुनिक भारत के शिल्पी प. जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि "भारत के उद्योग एवं कारखाने ही इसके तीर्थ स्थल एवं मंदिर हैं।" इस कथन से औद्योगिक विकास की आवश्यकता एंव महत्व स्पष्ट है।

"आकर प्रभव कोश" अर्थात खान कोश का स्त्रोत हैं। कौटिल्य अर्थशास्त्र की यह उक्ति आज की परिस्थितियों में भी खनिज संपदा से परिपूर्ण हमारे छत्तीसगढ राज्य के लिए प्रासंगिक है। आज के औद्योगिक युग में खनिजों का संसाधनों की उपयोगिता इतनी बढ गई है कि कोई भी राष्ट्र इसके बिना अपना आर्थिक विकास नहीं कर सकता।

छत्तीसगढ राज्य खनिज संपदा की दृष्टि से एक संपन्न राज्य है। खनिज उत्पादन की दृष्टि से इसका संपूर्ण राष्ट्र में द्वितीय स्थान है। इस नवसृजित राज्य में औद्योगिक महत्व के खनिजों यथा कोयला, लोहा, बाक्साइट, चूनापत्थर, डालोमाइट के विशाल भंडार मौजूद है। इनके अतिरिक्त आर्थिक महत्व का खनिज स्वर्ण, सामरिक महत्व का खनिज टिन अयस्क तथा रत्न सम्राट हीरा भी यहां पाया जाता है। इस प्रदेश का 44% से अधिक भाग वनप्रान्तरों से आच्छादित है तथा अधिकांश खनिज पदार्थ इन्हीं वनप्रान्तरों एवं पहाड़ियों में पाये जाते हैं। छत्तीसगढ राज्य खनिज संपदा की दृष्टि एक अग्रणी राज्य है। प्रदेश में लगभग 28 विभिन्न प्रकार के खनिज पाये जाते है जिनमें बहुमूल्य रत्न भी सम्मिलित है। प्रदेश पूरे राष्ट्र में एकमात्र टिन उत्पादक राज्य है तथा इसे विश्व के बहतरीन लौह अयस्क धारित राज्य की उपाधी व गौरव भी प्राप्त है। राज्य में कोयले के 50846 मिलियन टन भण्डार है व राष्ट्र के कुल कोयला उत्पादन में राज्य की सहभागिता 21.10% है। लौह अयस्क भण्डार राष्ट्रीय लौह अयस्क का 18.21% योगदान दे रहा है।

आर्थिक महत्व वाले स्वर्ण, सामरिक महत्व के खनिज जैसे टिन,रत्न सम्राट हीरा भी यहां पाया जाता है। इस प्रदेश का 44 प्रतिशत से अधिक भाग वनप्रांतो से आच्छादित है तथा अधिकांश खनिज पदार्थ इन्हीं वनप्रांतो एवं पहाड़ियों में पाये जाते है। छत्तीसगढ राज्य खनिज संपदा की दृष्टि से एक अग्रणी राज्य है। पूरे राष्ट्र मे राज्य एकमात्र टिन उत्पादक राज्य है। खनिज संपदा की उपलब्धता की दृष्टि से भारत का यह क्षेत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसे भारतीय खनिज का हृदय स्थल कहा जाता है। यह आर्कियन शिल्ड क्षेत्र है जिसका संपूर्ण भाग उडीसा का पठार, छोटा नागपुर का पठार, छत्तीसगढ का उत्तरी भाग आदि से बना है। छत्तीसगढ के आग्नेय कायांतरित और तलछटी क्षेत्रो में अनेक प्रकार के खनिज पाये जाते है। कोयला, कच्चा लोहा, चूना पत्थर, बॉक्साइट, डालोमाइट तथा टिन के विशाल भंडार राज्य के विभिन्न हिस्से में प्रचुर मात्रा में है। यहां खनिज संसाधनों से उत्खनन, खनिज आधारित उद्योग लगाने और रोजगार को बढावा देने की अपार क्षमता है।

छत्तीसगढ राज्य प्रमुख खनिज भंडार

क	खनिज का नाम	ईकाई	देश में कुल भंडार	छत्तीसगढ में कुल भंडार	देश में छ.ग. का प्रतिशत
1	कोयला	मिलियन टन	306595.56	54912	17.91
2	लौह अयस्क (हेमटाइट)	मिलियन टन	17882	3292	18.41
3	चूना पत्थर(सभी श्रेणी)	मिलियन टन	184935	8959	4.84
4	डालोमाइट	मिलियन टन	7731	847	10.96
5	बाक्साइट	मिलियन टन	3480	171	4.91
6	टिन अयस्क	मिलियन टन	83.72	30	35.83
	टिन धातु	टन	102275	15487	15.14
7	क्वार्टजाइट	मिलियन टन	1251	27	2.16
8	क्वार्टज एण्ड सिलिका सेंड	मिलियन टन	3499	9	0.26
9	फलोराइट	मिलियन टन	18	0.55	3.06
10	हीरा	लाख कैरेट	319	13	4.07
11	फायर क्ले	मिलियन टन	714	21	2.94
12	(चायना क्ले)	मिलियन टन	2705	15	0.55
13	कोरण्डम	टन	740792	885	0.12
14	स्वर्ण आर (प्रायमरी)	मिलियन टन	494	5	1.01
	स्वर्ण धातु (प्रायमरी)	टन	660	5.51	0.83
15	गारनेट	मिलियन टन	57	0.03	0.05
16	टाल्क / स्टीयटाइट सोपस्टोन	मिलियन टन	269	0.11	0.04
17	ग्रेनाइट	लाख घनमीटर	56230	50	0.11
18	मार्बल	मिलियन टन	1931	83	4.30

छत्तीसगढ राज्य में उपलब्ध मुख्य 28 खनिज में खनिज विपणन व खनन लगभग 20 प्रकार के खनिजों का किया जा रहा है, जिस हेतु राज्य के कुल खदानों की संख्या 202 है। छत्तीसगढ वन संपदा की भांति खनिज संपदा की दृष्टि से भी संपन्न क्षेत्र है। राज्य के विभिन्न प्रकार के खनिज पदार्थो की उपलब्धता राज्य के खनिज आधारित उद्योगों का बहुत विकास हुआ है। राज्य में धात्विक खनिज दक्षिण भाग में व अधात्विक खनिज मध्यवर्ती भाग में पाया जाता है। छत्तीसगढ में सर्वाधिक प्रकार के खनिज बस्तर जिले में पाये जाते है।

छत्तीसगढ के खनिज संसाधनों की विशेषता :-

(1) खनिज संसाधन पूर्ण रूप से प्राकृतिक संसाधन है।
(2) खनिज विभिन्न छत्तीसगढ में स्थित चट्टानों से बनते है।
(3) छत्तीसगढ राज्य के खनिज संसाधन में बहुमूल्य रत्न शामिल हैं।
(4) खनिज संसाधनों द्वारा उत्पादित धातु की सहायता से विद्युतीय संसाधनों का निर्माण किया जाता है
(5) खनिज संसाधन राष्ट्र व राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
(6) खनिज संसाधन विदेशी विनिमय व घरेलू विनियमन में सहायक है।

छत्तीसगढ राज्य की खनिज संपदा का उत्पादन –

भारत के खनिज क्षेत्रों में छत्तीसगढ "भारतीय खनिज के हृदयस्थल कहा जाता है। छत्तीसगढ के उत्तरपूर्वी व मध्य भाग से मिलकर भारत का संपूर्ण खनिज क्षेत्र बना है। खनिज पदार्थ प्रकृति के उपहार है। इनकी स्थिति अनादिकाल से है अतः इन्हें न तो बढाया जा सकता है और न प्रत्यारोपित किया जा सकता है। यह उपभोग से निरंतर क्षय होने वाली प्राकृतिक संपदा है। छत्तीसढ राज्य इन प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुर मात्रा है। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ का आज " खनिज का कटोरा", "रत्नगर्भा छत्तीसगढ "आदि विशेषणों से विभूषित किया जा रहा है। छत्तीसगढ अपने खनिज भण्डारों के लिए संसार भर में प्रसिद्ध है। खनिज संसाधन मानव सभ्यता एवं संस्कृति के आधर–भूत स्तंभ माने जाते है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी प्राकृतिक संपदा के दोहन पर निर्भर करती है। प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तकनीकी एवं वैज्ञानिक युग में खनिजों का उपयोग निरंतर किसी ना किसी रूप में होता चला आ रहा है। आज के औद्योगिक युग में खनिज संसाधनों की उपयोगिता इतनी बढ गयी है कि कोई भी राष्ट्र इसके बिना अपना आर्थिक विकास नहीं कर सकता। छत्तीसगढ राज्य खनिज संपदा की दृष्टि से एक संपन्न राज्य है खनिज उत्पादन की दृष्टि से संपूर्ण राष्ट में द्वितीय स्थान है। इस नवसृजित राज्य में औद्योगित महत्व के खनिज, कोयला, लोहा, बाक्साइट, चूनापत्थर, डोलोमाइट के विशाल भंडार उपलब्ध हैं।

छत्तीसगढ में खनिज उत्पादन की स्थिति खनिज उत्पादन मात्रा–समूहवार (लाख टन मे)

वित्तीय वर्ष	कोयला	धात्विक खनिज	अधात्विक खनिज	गौण खनिज	योग
10&11	1138-24	314-30	208-34	207-80	1868-68
11&12	1139-18	328-20	217-52	227-94	1912-84
12&13	1178-38	297-81	221-42	194-19	1891-80
13&14	1270-93	314-70	236-56	227-83	2050-02
14&15	1313-96	309-84	259-69	226-18	2139-67

उपरोक्त तालिका मे देश में खनिज के कुल भंडार व छत्तीसगढ राज्य में कुल भंडार को दर्शाया गया है, व छत्तीसगढ का देश के कुल खनिज उत्पादन का प्रतिशत तालिका में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। तालिका में छत्तीसढ के खनिज उत्पादन की उत्तरोतर वृद्धि व देश में अपने खनिज संसाधनों की सहायता से राज्य की स्थिति प्रदर्शित है। जो कि देश की प्रगति में सहायक है।

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
Scanned by CamScanner

Volume - 7 | Issue - 1 | January - 2017 | ISSN - 2249-555X | IF : 3.919 | IC Value : 79.96

निष्कर्ष –

छत्तीसगढ़ राज्य में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता है जिसमें खनिज एक प्रमुख संसाधन है। इतनी विशाल खनिज संपदा से संपन्न होने के बावजूद भी हमारा राज्य आर्थिक रूप से संपन्न नहीं है। इस आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने हेतु तीव्रगति से औद्योगिकीकरण एक विकल्प के रूप में माना जा रहा है। खनिज आधारित उद्योगों, खनिज के पर्याप्त दोहन से राज्य के लोगों को पर्याप्त रूप से रोजगार मिल सकेगा। प्रदेश के विकास में सुदूर आदिवासी क्षेत्र में विकास की प्राथमिकता से वहाँ के उपलब्ध खनिजों का पर्याप्त दोहन हो सकेगा, व पर्याप्त दोहन व संरक्षण से इन क्षेत्रों का विकास स्वतः हो जाएगा तथा क्षेत्र का सामाजिक व आर्थिक रूप से विकास होगा। खनिज संपदा विकास का प्रमुख संसाधन है। सर्वेक्षण व अन्वेषण के सुनियोजित कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकृत खनिज संपदाओं का दोहन किया जा सकता है विभिन्न खनिज दोहन विधियाँ खनन के तरीका को निर्धारित करती है। खनन चुनौतियों को पूरा करने के लिए विभिन्न विशेषज्ञता को एकत्रित करना आवश्यक है। राज्य में उपलब्ध अकूत प्राकृतिक संपदा एवं खनिज संपदा के पर्याप्त दोहन से राज्य के विकास में उत्तरोत्तर वृद्धि की जा सकती है।

संदर्भित ग्रंथ सूची (REFERENCES)

1. इंडियन मिनरल इयर बुक 2012 (प्रकाशित मार्च 2014 अनुसार)
2. 01.04.2015 स्थिति में (Inventory of Coal Resources (GSI)) दिनांक 06.06.2015
3. भारत की खनिज संपदा भारत शासन नई – दिल्ली
4. छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा एवं खनिज आधारित उद्योग
5. खनिज सांख्यिकी 2009 एवं 2012
6. www.mines.nic.in
7. www.chhattisgarh.nic.in
8. www.chhtisgarhmines.gov.in
9. www.ministryofmines.in
10. www.mines.nic.in

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

UGC APPROVED

Welcome to UGC, New.Delhi, India
www.ugc.ac.in



UGC Journal Details

Name of the Journal :	Research Link
ISSN Number :	09731628
e-ISSN Number :	
Source:	UNIV
Subject:	Accounting;Anthropology;Business and International Management;Economics, Econometrics and Finance(all);Education;Environmental Science(all);Finance;Geography, Planning and Development;Law;Political Science a;Social Sciences(all)
Publisher:	Research Link
Country of Publication:	India
Broad Subject Category:	Arts & Humanities;Multidisciplinary;Social Science

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय,
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

ISSN - 0973-1628

Since 2002 **160**

Issue - 160, Vol-XVI (5), July - 2017

www.researchlink.co

प्राचार्य
शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय,
पोस्ट-छुरिया, जिला-राजनांदगांव
छुरिया-राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
छुरिया-राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

An International Registered and Referred Monthly Journal

RESEARCH Link

Impact Factor 2.782 2015

Kala, Samaj Vigyan awam Vanijya

₹ 250/-

:: CIRCULATION ::

Andaman-Nicobar / Bihar / Chattisgarh / Delhi / Goa / Gujarat / Haryana / Himachal / Jammu & Kashmir / Karnataka / Madhya Pradesh / Maharashtra / Punjab / Rajasthan / Sikkim / Uttar Pradesh / Uttranchal / West Bengal

Scanned by CamScanner

UGC Approved Journal - Research Link
Since March 2002
An International, Registered & Referred Monthly Journal : Research Link - 160, Vol - XVI (5), July - 2017, Page No. 127-128
ISSN - 09[illegible] 1628 ■ RNI - MPHIN-2002-7041 ■ Impact Factor - 2015 - 2.782
Research Paper

कृषि आय का विश्लेषणात्मक अध्ययन
(छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के ग्राम सेमरा के संदर्भ में)

प्रस्तुत शोधपत्र में कृषि आय का विश्लेषणात्मक अध्ययन, छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के ग्राम सेमरा के संदर्भ में किया गया है। कृषि मौसम पर आधारित होती है। यदि मौसम अच्छा हो, तो कृषि से आय अधिक होती है और इसके विपरीत यदि मौसम अच्छा नहीं हुआ तो कृषि से आय कम होती है। ग्राम सेमरा, रायपुर जिले के अंतर्गत आता है। प्राचीन काल में यहाँ सिंचाई का साधन नहीं होने के कारण कृषि की पैदावार कम होती रही। आज के इस वर्तमान युग में सिंचाई के अनेक साधन होने के कारण यहाँ कृषि उत्पादकता में वृद्धि हो रही है। तत्पश्चात् सिंचाई के उत्पादन होने के कारण यहाँ अनेक प्रकार की फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। यहाँ के कृषक शिक्षित हो चुके हैं तथा सरकारी सुविधाओं का लगातार लाभ ले रहे हैं।

डॉ.पूजा तिवारी* एवं डॉ.एच.एस.भाटिया**

भारत एक कृषि प्रधान देश है। आज भी देश के लगभग 70 प्रतिशत लोग देश में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कृषि में संलग्न है। देश के सकल उत्पाद का लगभग 28 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र का है। जबकि प्रदेश में कृषि या कृषि वस्तुएँ 20 प्रतिशत तथा कृषि उत्पाद से बनी वस्तुएँ 20 प्रतिशत अर्थात कुल 40 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र का है। देश में जनता की कृषि पर निर्भता तथा कृषि के महत्ता को इस बात से समझा जा सकता है, कि जन–साधारण में उपयोग बचत में कृषि उत्पाद का हिस्सा लगभग 85 प्रतिशत है। विश्व के मुख्य विकासशील देशों में अग्रणी होने के बाद भी भारत आज कृषि प्रधान देश है। स्पष्टतः छ.ग. की स्थिति देश की औसत स्थिति से भिन्न ही है। यह राज्य कृषि क्षेत्र में देश के अत्यंत पिछड़े अंचलों में से एक हैं।

छत्तीसगढ राज्य को पूर्णतः कृषि पर निर्भर प्रदेश कहा जाए, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी, यहाँ की लगभग 63 प्रतिशत कार्यशील जनसंख्या की आजीविका कृषि से सम्बंध है। प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 42.93 प्रतिशत कृषि भूमि है। यहाँ कृषि परम्परागत तथा लगभग मानसून पर निर्भर है। अतः प्रदेश की कृषि को मानसून का जुआ कहा जाता है। अर्थात् मानसून की कृपा हुई तो अच्छा उत्पादन या वर्ष भर की खुशहाली अन्यथा अनावृत्ति की स्थिति में अकाल अर्थात दुर्दशा, भूखमरी एवं पलायन जैसी अभिशाप ग्रामीण कृषि का भाग्य बन जाता है। साथ ही अतिवृष्टी भी इसी प्रकार की स्थितियां निर्मित करती है। मानसून का धोखा एवं इससे उत्पन्न कुचक्र प्रत्येक वर्षों में घटित होते रहते है। सिंचाई की उपलब्ध सुविधाएँ अपर्याप्त है। कृषि भूमि का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा सिंचित क्षेत्र 19.96 है सिंचाई की पहुँच से दूर है। प्रदेश में एक मानसूनी फसल वह भी मुख्यतः चावल की ली जाती है। शायद यही कारण है, की छत्तीसगढ को धान का कटोरा कहा जाता है। जो अधिक सिंचाई पर ही निर्भर है, लेकिन बढ़ती हुई जनसंख्या कृषि आय से अधिक से अधिक अपव्यय कर रही है, जो व्यय को अधिक प्रवाह करती है।

यह राज्य छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के अभनपुर तहसील के अंतर्गत आता है। ग्राम सेमरा की कुल जनसंख्या 937 है।

इस गाँव का कुल क्षेत्रफल 455.84 हेक्टेयर है। शास. भूमि 229.16 हेक्टेयर व गैर शास. भूमि 226.68 हेक्टेयर है, जिसमें खरीफ फसल 711.10 हेक्टेयर भूमि पर उपज की जाती है। जिसमें से 665.50 हेक्टेयर सिचिंत भूमि है तथा 45.60 हेक्टेयर असिंचित भूमि है।

यहाँ रबी फसल 70.40 हेक्टेयर भूमि पर उपज करते हैं, जिसमें 24.00 हेक्टेयर सिचिंत भूमि है व 46.40 हेक्टेयर असिंचित भूमि है।

ग्राम सेमरा नया राजधानी के पास एक अभनपुर ब्लाक का ग्रामीण क्षेत्र है। अतः नया राजधानी का क्षेत्र होने के कारण से यहाँ वर्तमान में विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाएँ चलायी जा रही हैं। यह प्राचीन काल में यह अत्यधिक पिछड़ा क्षेत्र था। लेकिन वर्तमान में सिंचाई के साधन अत्यधिक विस्तृत होने के कारण इनकी कृषि से संबंधित कियाएँ अत्यधिक विकासशील होती जा रही है। कई सरकारी योजनाओं को अपनाने के कारण कृषि आप में वृद्धि करेगी।

वर्ष 2014–2015 का छत्तीसगढ़ राज्य का सकल घरेलू उत्पाद का अग्रिम अनुसार प्रचलित गाँवों का 210191 करोड़ रूपये है, जो की विगत वर्ष से 13.2 प्रतिशत अधिक है ।

ग्राम सेमरा की कृषि आय

कृषि से आय	
वर्ष	कृषि से आय
2012–2013	2000012
2013–2014	3461417
2014–2015	4523068
2015–2016	5423061

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

*सेठ फूलचन्द अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
**शासकीय महाविद्यालय, गोबरा, नयापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

Scanned by CamScanner



कृषि की वर्तमान स्थिति :

छ.ग. कृषि प्रधान देश है। यहाँ की 80 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। तथा छ.ग. प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। कृषि आयकर मुक्त होती है। यहाँ के व्यक्ति कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग धंधों पर अश्रित है। छ.ग. की कुल भूमि 51.6 प्रतिशत भाग में कृषि कार्य किया जाता है। प्रदेश के 37.46 लाख कृषक परिवारों में से 76 प्रतिशत लघु सीमांत श्रेणी में आते हैं। वर्तमान में प्रदेश के सभी स्त्रोतों से लगभग 31.00 प्रतिशत क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध है, जिसमें से सर्वाधिक 64 प्रतिशत क्षेत्र सिंचाई जलाशयों के माध्यम से सिंचित है, जो अधिकांशतः वर्षा पर निर्भर है। छत्तीसगढ की मुख्य फसल धान है। धान बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण छ.ग. के मैदान को धान का कटोरा कहा जाता है।

ग्राम सेमरा का कृषि भूमि विवरण

ग्राम का कुल क्षेत्र	455.84 हेक्टेयर
घास. भूमि	229.16 हेक्टेयर
गैर घास भूमि	226.68 हेक्टेयर

निष्कर्ष :

उपर्युक्त तथ्यों से यह निष्कर्ष निकलता है कि कृषि मौसम पर आधरित होती है। अर्थात् मौसम अच्छा हो, तो कृषि से आय अधिक होती है और इसके विपरीत यदि मौसम अच्छा नहीं हुआ तो कृषि से आय कम होती है।

चूंकि ग्राम सेमरा रायपुर जिले के अंतर्गत आता है। प्राचीन काल में यहाँ सिंचाई का साधन नहीं होने के कारण कृषि की पैदावार कम होती रही। आज के इस वर्तमान युग में सिंचाई के अनेक साधन होने के कारण यहाँ कृषि उत्पादकता में वृद्धि हो रही है। तत्पश्चात् सिंचाई के उत्पादन होने के करण यहाँ अनेक प्रकार के फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। जैसे –गेहूँ, चना, गन्ना, भूट्टा इत्यादि। यहाँ के कृषक शिक्षित हो चुके हैं तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं।

❁❁

प्राचार्य
...नी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय

शोध-पत्र भेजने संबंधी नियम

(1) शोध-पत्र 1500-1700 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(2) हिन्दी एवं मराठी माध्यम के शोधपत्रों को कृतिदेव 10 (Kruti Dev 010) में टाईप करवाकर 'पेजमेकर 6.5' में भेजें।

(3) पंजाबी माध्यम के शोधपत्रों को अनमोल लिपि (AnmolLipi) या अमृत बोली (Amritboli) या जॉय (Joy) में टाईप करवाकर 'पेजमेकर 6.5' में भेजें।

(4) अंग्रेजी माध्यम के शोधपत्र टाईम्स न्यू रोमन (Times New Roman), एरियल फोंट (Arial) में टाईप करवाकर 'पेजमेकर 6.5' या 'माइक्रोसाफ्ट वर्ड' में भेजे जा सकते हैं।

(4) शोधपत्र की विधि - (1) शीर्षक (2) एबस्ट्रेक्ट (3) की-वर्ड्स (5) प्रस्तावना/प्रवेश (5) उद्देश्य (6) शोध परिकल्पना (7) शोध प्रविधि एवं क्षेत्र (8) सांख्यिकीय तकनीक (9) विवेचन या विश्लेषण (10) सुझाव (11) निष्कर्ष एवं (12) संदर्भ ग्रंथ सूची।

(6) संदर्भ ग्रंथ सूची इस प्रकार दें -

For Books :

(1) Name of Writer, "Name of Book", Publication, Place of Publication, Year of Publication, Page Number/numbers.

For Journals :

(2) Name of Writer, "Title of Article", Name of Journal, Volume ....., Issue ....., Page Numbers.

Web references :

http://utc.iath.virginia.edu/interpret/exhibits/hill/hill.html

(7) गुजराती माध्यम के शोधपत्र हरेकृष्णा (Harekrishna), टेराफोंट वरुण (Terafont Varun), टेराफोंट आकाश (Terafont Aaksah) में टाईप करवाकर 'पेजमेकर 6.5' में भेजे जा सकते हैं।

(8) शोधपत्र की साफ्टकॉपी रिसर्च लिंक के ई-मेल आईडी researchlink@yahoo.co.in पर भेजने के बाद हॉर्डकॉपी, शोधपत्र के मौलिक होने के घोषणा पत्र के साथ हस्ताक्षर कर 'रिसर्च लिंक' के कार्यालय को प्रेषित करें।

❁❁

'रिसर्च लिंक' की सदस्यता का शुल्क भुगतान राष्ट्रीयकृत बैंको द्वारा सीधे ट्रांसफर या जमा किया जा सकता है। बैंक का विवरण निम्नानुसार है-

बैंक : स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

ब्रांच : ओल्ड पलासिया इन्दौर,

कोड : SBIN 000 3432

खाते का नाम : रिसर्च लिंक

खाता नंबर : 63025612815

भुगतान की मूल रसीद, शोध पत्र एवं सीडी के साथ कार्यालयीन पते पर भेजना अनिवार्य है।

Scanned by CamScanner

RESEARCH REVIEW JOURNALS

CERTIFICATE OF PUBLICATION

RESEARCH REVIEW
International Journal of Multidisciplinary

e-ISSN: 2455-3085
Impact Factor: 5.164 [SJIF]

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

UGC Approved Journal
Journal No.: 44945

Journal is Indexed in
Google Scholar, IIJIF, SJIFactor, RESEARCH BIBLE, DRJI, GIF, UGC, Zenodo, Researcher ID [by Thomson Reutors]

Issued w.e.f. Nov-2018 Issue

This is to certify that Research Paper/ Article/ Case Paper entitled

छत्तीसगढ़ राज्य की खनिज नीति एक अध्ययन

Authored By

डॉ. एच. एस. भाटिया; डॉ. श्वेता तिवारी

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

has been published in Volume-4 | Issue-05 | May-2019 in this International Peer Reviewed ISSN Indexed Online Research Journal.

Ref. No. RRJ20190405234
Issued Date: 25-May-2019
editor.rrjournals@gmail.com
www.rrjournals.com

RESEARCH REVIEW JOURNALS eISSN 2455-3085 AHMEDABAD

Chief Editor

Certificate Verification visit: http://rrjournals.com/View-Certificate

Research Review Journals All Rights Reserved

Scanned by CamScanner

RESEARCH REVIEW JOURNALS
Volume-04
Issue-05
May-2019

ISSN: 2455-3085 (Online)
RESEARCH REVIEW International Journal of Multidisciplinary
www.rrjournals.com[UGC Listed Journal]

छत्तीसगढ़ राज्य की खनिज नीति एक अध्ययन

[1]डॉ. एच. एस. भाटिया, [2]डॉ. श्वेता तिवारी

[1]सहायक प्राध्यापक शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया (छ.ग.)
[2]सहायक प्राध्यापक महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज,रायपुर (छ.ग.)

प्रस्तावना –

छत्तीसगढ राज्य प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण है। भारत के खनिज क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ को भारतीय खनिज का हृदय स्थल कहा जाता है। छत्तीसगढ़ के उत्तरपूर्वी व मध्य भाग से मिलकर भारत का संपूर्ण खनिज क्षेत्र बना है। छत्तीसगढ़ राज्य खनिज संपन्न राज्यो में से एक अग्रणी राज्य है। प्रदेश में लगभग 28 विभिन्न प्रकार के खनिज, जिनमें बहुमूल्य रत्न भी सम्मिलित है, पाये जाते है। इनमें हीरा, लौह अयस्क, कोयला, चूना पत्थर, डोलोमाईट, टिन, अयस्क, बाक्साइट, स्वर्ण आदि प्रमुख हैं। हीरा तथा स्वर्ण की उपलब्धता के साथ ही प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर में एक मात्र टिन उत्पादक राज्य तथा विश्व के बेहतरीन लौह अयस्क धारित राज्य होने का गौरव भी प्राप्त हैं।

परिचय–

खनिज संसाधन क्षमता का अधिकाधिक उपयोग एवं राज्य के घरेलू उत्पाद को खनिजों की सहायता से दुगुना करने, खनन के क्षेत्र में एक मजबूत एवं सर्वसम्मत विकास की नीति अपनाने राज्य की खनिज नीति बनायी जाती है। प्रत्येक खनिज धारित राज्य खनिज नीति का क्रियान्वयन करता है जिससे राज्य में आर्थिक एवं औद्योगिक विकास संभव हो सके। खनन क्षेत्र राज्य के लिए आर्थिक लाभ एवं रोजगार जुटाने के बेहतरीन अवसर प्रदान करने की क्षमता रखता हैं, यद्यपि इस दृष्टि से राज्य के सामने कुछ प्रमुख समस्यायें है, जैसे पूंजी निवेश की कमी, पुरानी तकनीक का उपयोग, कमजोर अधोसंरचना, सीमित निर्यातोन्मुखी अवसर। राज्य के खनन परिलक्षित समस्याओं के निवारण हेतु खनिज नीति का कियान्वयन किया जाता है व समय समय में नीतियों में परिर्वतन किया जाता है।
छत्तीसगढ़ राज्य की खनिज नीति राज्य की खनिज नीति 2013 में राज्य में उपलब्ध खनिजों के समुचित विकास एवं उपयोग, गुणवत्ता को प्रोत्साहन, खनिज क्षेत्र में स्थानीय एवं विदेशी पूंजी निवेश को आकर्षित करने हेतु व्यवसायिक वातावरण तैयार करने, प्रक्रियाओं का सरलीकरण एवं निर्णयों में पारदर्शिता हेतु नियम बनाये गये हैं। खनिज नीति 2013 के पश्चात् राज्य की "परिकल्पना 2015"[1] के अनुसार खनन के क्षेत्र में एक मजबूत एवं सर्वसम्मत विकास की नीति के लिए दिशा निर्धारित की गयी है।

राज्य को खनिज नीति की विशेषताएं –

- अधोसंरचना तथा मानव संसाधनों का विकास करना।
- गुणवत्ता को प्रोत्साहन देना तथा खनन विकास करना।
- संस्थागत विकास कार्यकम करना तथा नियमों का परिकरण किया जाना।

खनिज क्षेत्र के विकास के अतिरिक्त उत्तरदायित्वों के निर्वहन हेतु राज्य खनिज निगम का भी गठन किया गया है। नीति का विशेष उद्देश्य उन अवसरों का सदुपयोग करना है जो राज्य शासन को खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के अन्तर्गत वर्ष 1999–2000 में प्रदत्त अन्य शक्तियों एवं प्रक्रियागत सरलीकरण के कारण निर्मित हुई है। खनिज क्षेत्र में चलाये जा रहे सुधार कार्यो की ओर भी यह नीति इंगित करती है। इस दिशा में राज्य अन्य खनिज बहुल राज्यों से सलाह कर प्रचलित कानूनों में उपयुक्त सुधार एवं नए नियमों का निर्माण करता है।

नीतियों की समीक्षा एवं क्रियान्वयन हेतु राज्य द्वारा नीति क्रियान्वयन समिति की स्थापना की गई है। समिति के प्रमुख अतिरिक्त मुख्य सचिव, नीति के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को चिन्हांकित कर हल करते है। इस समिति के अतिरिक्त राज्य जिला स्तर पर कार्य दल (जिसमें संचालनालय तथा स्थानीय उद्योगों के प्रतिनिधि होते हैं) गठित किये जाते हैं, जिनके द्वारा खनिज अन्वेषण रासायनिक विश्लेषण, अवैध खनन तथा परिवहन रोकने तथा राजस्व निर्धारण एवं राजस्व चोरी रोकने हेतु कार्य योजना बनायी जाती है। इस नीति के क्रियान्वयन में राज्य द्वारा पर्यावरण एवं सामाजिक पहलुओं के मध्य समन्वय सुनिश्चित किया जाता है एवं परिस्थितिकीय संतुलन के पालन एवं उन्नयन के प्रति उद्यमियों को जागरूक किया जाता है ।

अधोसंरचना एवं मानव संसाधन का विकास –

[1] खनिज नीति 2013 प्रकाशित संचालनालय भौमिक तथा खनिकरण

RRIJM 2015 All Rights Reserved

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया

Scanned by CamScanner

खनिज क्षेत्र की सुदृढ़ता हेतु अधोसंरचना तथा मानव संसाधनों का विकास करना आवश्यक है, जिससे खनिजों के उपयोगकर्ता, कच्चे माल के स्त्रोत एवं मध्यवर्ती उपयोगकर्ता के बीच आपसी समन्वय स्थापित होना आवश्यक है। इस हेतु राज्य की खनिज नीति में निम्नलिखित कार्य किये जा रहे हैं :–

- अधोसंरचना के विकास के समय खनिज उद्योग की आवश्यताओं का ध्यान रखा जाता है। अधोसंरचना सुविधाओं के निर्माण हेतु योजना बनाने एवं उनका क्रियान्वयन करने वाले विभाग जैसे छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग आदि के साथ समन्वय स्थापित किया जाता है।
- खनिज प्राप्त सुदूर क्षत्रों के विकास के लिये सड़क, खनिजों के राज्य के भीतर एवं बाहर परिवहन हेतु आवश्यक रेल लाईनों का निर्माण किया जाता है। इस हेतु राज्य सरकार, जहॉ संभव हो, पहुंच मार्ग बनाने हेतु केन्द्र सरकार योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि से आंशिक सहायता प्राप्त करती है।
- ऊर्जा नीति के तहत् खनिज आधारित उद्योगों को स्वयं के उद्योग हेतु ऊर्जा उत्पादन संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- खनिज क्षेत्र के तकनीकि ज्ञान जैसे भूविज्ञान, प्रस्तर विज्ञान, भू–रसायन, भू–भौतिकी, पर्यावरण विज्ञान, खनिज प्रसंस्करण आदि के लिये आवश्यक प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास को प्रोत्साहित किया जाता है।
- विभाग में कार्यरत तकनीकी अधिकारियों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी व प्रशिक्षण हेतु देशतथा विदेशभेजा जाता है।
- खनन कार्यक्रम को सुव्यवस्थित करने विशेष खनिज क्षेत्रों की पहचान हेतु सभी जिलों के लिये "जोनिंग एटलस" तैयार किये जाते हैं जिससे समूह खनन पद्धति को प्रोत्साहित किया जा सके ताकि परिस्थितिकीय संतुलन बिगड़ने न पाये।
- खनिज उत्खनन हेतु उपयुक्त स्थलों का विकास कर उन्हें पट्टे पर देने की कार्यवाही को प्रोत्साहित किया जाता है। खनिज पट्टे के लिये न्यूनतम क्षेत्रों की समीक्षा की जाती है एवं सुरक्षित भूमि अधिकार उपलब्ध कराये जाते है जिससे निवेशक खनन क्षेत्रों में अधिकाधिक नियोजन सुरक्षित रूप से कर सके।
- औद्योगिक अधोसंरचना के विकास हेतु मुख्य अधोसंरचना जैसे सड़क, बिजली, पानी, सचार व्यवस्था का विकास किया जाता है तथा बड़े औद्योगिक क्षेत्र होने की स्थिति में सामाजिक अधोसंरचना जैसे अस्पताल, शाला आदि का निर्माण कराया जाता है।
- खनिज क्षेत्र में नये निवेशकों को आकर्षित करने हेतु रत्न तथा आभूषण पार्क की स्थापना कर निवेश में वृद्धि की जाती है।

गुणवत्ता संवर्धन तथा खनिज विकास –

खनिज क्षेत्र के अन्वेषण एवं पूर्वेक्षण हेतु निजी क्षेत्रों से भागीदारी में वृद्धि, प्रदेश में उपलब्ध बिखरे छोटे भण्डारों का समुचित दोहन एवं विकास हेतु सतत् प्रकिया आवश्यक है। इस हेतु राज्य में निम्नलिखित कदम उठाये जाते है –

1. अनुसंधान एवं विकास

खनिज भण्डारों के आंकलन तथा खनिज धारित क्षेत्रों की पहचान हेतु चलाये जा रहे सुदूर संवेदी, टोपोग्राफिकल सर्वेक्षण, विस्तृत भौमिकी मानचित्रण कार्यक्रमों का विस्तार, निम्न श्रेणी अयस्कों को उपयोगी बनाने हेतु परिष्करण विषयक अध्ययन किया जाता है। दुर्लभ खनिजों के लिए प्रतिस्थापना अध्ययन तथा छोटे खनिज भण्डारों के औद्योगिक उपयोग हेतु प्रयास किये जाते है। राज्य शासन द्वारा वर्तमान में स्थित प्रयोगशालाओं में सुधार हेतु कदम उठाये जाते हैं। राज्य में रासायनिक, प्रस्तर, भू–भौतिकी तथा फोटो–भौतिकी प्रयोगशालाओं को आधुनिक उपकरण प्रदान कर सुसज्जित किया गया है। आधुनिक एवं पर्यावरण संवेदी तकनीकों की उपलब्धता को उपकरणों, यंत्रो तथा मशीनों के माध्यम से सुलभ बनाया जाता है।

2. निर्यात संवर्धन

छत्तीसगढ़ राज्य की खनिज सपदा को विश्वव्यापी बाजार में पहचान दिलाने व आर्थिक विकास को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्य द्वारा राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रर्दशनीयों, व्यापार मेलों तथा सेमिनारों का आयोजन तथा उनमें उपस्थिती दर्ज करायी जा रही है। साथ ही राज्य के खनिज बाजार की अद्यानुतन जानकारी सुलभ कराने हेत भ्रमण/दौरों का आयोजन किया जाता है। विभाग द्वारा संभावित निवेशकों को आकर्षित करने हेतु त्रैमासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ खनिज बुलेटिन' का प्रकाशन तथा वितरण किया जाता है। खनिज व्यापार के लिये वित्तीय योजनाओं को स्थापित करने प्रोत्साहन दिया जा रहा है। विदेशी क्रेताओं को स्थानीय वितरकों के साथ जोड़ने,बाजार अंश को बढ़ावा देने एवं बाजार में नई संभावनाओं की पहचान हेतु प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। प्रदेश में निर्यातोन्मुखी उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को खनिज पट्टा स्वीकृति में प्राथमिकता देने हेतु नियम बनाये गये हैं। खनिजों को मूल्य सवंर्धित रूप में निर्यात को बढ़ावा देने प्रयास किये जा रहे हैं। खनिज

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

PRIJM 2015 All Rights Reserved

Scanned by CamScanner

संसाधनों के वास्तविक मूल्य आंकलन हेतु प्रदेश के खनिज भण्डारों को धीरे–धीरे संयुक्त राष्ट्र प्रवर्तित वर्गीकरण ढांचा (यू.एन. फ्रेमवर्क क्लासिफिकेशन सिस्टम) के अंतर्गत लाने का प्रयास किया जा रहा है।

3. निजी क्षेत्रों की भागीदारी को प्रोत्साहन

खनिज आधारित उद्योगों का राज्य में विस्तार करने हेतु विभाग द्वारा कई नियम बनाये गये है जिससे राज्य में निजी क्षेत्रों की भागीदारी में वृद्धि होगी। निजी क्षेंत्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु खनिज आधारित उद्योगों को विशेष उद्योग का दर्जा प्रदान कर उद्योग नीति के तहत् प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। बहुमूल्य खनिज जैसे हीरा तथा अन्य रत्न, स्वर्ण, आधारभूत धातु, टिन, बाक्साइट आदि हेतु निजी/विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया जाता है। खनिजों की अद्यतन जानकारी तैयार कर खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया गया। निजी क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्रों में पाये जाने वाले खनिज भण्डारों को खनन हेतु अनुमति प्रदान किया गया जिससे खनिज ससाधनों का विकास व प्रदेश के अविकसित क्षेत्रों का भी विकास संभव हो सके। इस प्रकार की अनुमति देते समय आदिवासी जनता के हितों को संरक्षित किया जाता है । इसके अंतर्गत विस्तृत पुनर्वास योजना समाहित होती है। उपयुक्त खनन क्षेत्रों एवं सार्वजनिक उपक्रमों हेतु आरक्षित क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें निजी क्षेत्रों को खनन हेतु उपलब्ध करायी जाती है। प्रदेश में प्रोसेसिंग परिकरण संयंत्र स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों को खनिज पट्टा स्वीकृति में प्राथमिकता दी जाती है।

4. ग्रेनाइट भण्डारों का विकास तथा लघु पैमाने पर खनन

राज्य में बहूमूल्य ग्रेनाइट भण्डारों के विकास एवं संरक्षण को सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार के " ग्रेनाइट संरक्षण तथा विकास नियम 1999"1 को प्रदेशमें लागू किया गया है। ग्रेनाइट के खनन हेतु वन क्षेत्रों में "समूह खनन" को बढ़ावा देने की दृष्टि से छोटे आकार की निकटवर्ती ग्रेनाइट अनुज्ञप्तियों को स्वीकार किया जाता है। ग्रेनाइट खदानों जिनमें निजी–सार्वजनिक क्षेत्र की साझेदारी हो उनके विकास को प्राथमिकता दी जाती है। ग्रेनाइट खनन से उत्पन्न निरूपयोगी टुकड़ो को अलग से एकत्रित कर इस पर सामान्य इमारती पत्थर की दर से राजस्व वसूल किया जाता है। छोटे भण्डारों की औद्योगिक उपयोगिता निर्धारित करने हेतु उनका विस्तृत पूर्वेक्षण किया जाता है। आर्थिक दोहन को छोटे भण्डारों हेतुप्रोत्साहित कर वैज्ञानिक विकास को प्राथमिकता दी जाती है। छोटे खनिज भण्डारों के दोहन अपेक्षाकृत व्यवस्थित क्षेत्र में परिवर्तित करने हेतु कार्ययोजना बना कर अनुसूचित क्षेत्रोंमें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाते है। खनिजों के अधिकतम दोहन तथा तकनीकी ज्ञान के आदान प्रदान को सुगम बनाने हेतु स्थानीय छोटे खनिजों तथा बड़े विनियोजकों के मध्य साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाता है। प्रसंस्करण तथा खनिज विपणन व्यवस्था को सहयोगी सेवायें उपलब्ध करायी जाती है।

संस्थागत विकास एवं नियमों का परिशोधन –

खनिज क्षेत्रों के दीर्घकालीन विकास को सुनिश्चित करने एवं निजी निवेश को आकर्षित करने हेतु एक स्थिर पारदर्शी तथा प्रभावी संस्थागत एवं नियामक ढ़ॉचा स्थापित किया गया है। संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म में संभावित निवेशकों को मार्गदर्शन/सेवायें उपलब्ध कराने हेतु एक विशेष कक्ष की स्थापना की गयी है। संचालनालय भौतिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़ तथा प्रदेशमें खनिज अन्वेषण हेतु कार्यरत अन्य केन्द्रीय संस्थाओं के मध्य अन्वेषण कार्य की पुनरावृत्ति से बचने हेतु समन्वय स्थापित किया जा रहा है। शासन, खनन समूहों एवं अन्य शासकीय विभागों जैसे वन, राजस्व भूमि, पर्यावरण आदि के मध्य खनिज क्षेत्र में प्रभावी विकास की दृष्टि सेएक औपचारिक परामर्श विधि स्थापित की गयी है। विभाग में राज्य खनिज विकास निगमकी स्थापना नोडल एजेंसी के रूप में खनिज विकास हेतु की गई है। निगम द्वारा कार्यरत खदानों में श्रेणी सत्यापन हेतु सहयोग, खनिज आधारित उद्योगों, तथा अन्वेषण, खनन, प्रसंस्करण आदि में निवेश हेत, प्रेरित किया जाता है।

1. नीतिगत एवं नियामक सुधार

विभाग द्वारा खनिज नीति के अंर्तगत नीतिगत एवं नियामक सुधार हेतु प्रकिया निर्धारित कर सुधार कार्यकम आयोजित किये जाते हैं। लघु एवं दीर्घ पैमाने की खनन संक्रियाओं को एक करने हेतु अनुज्ञा प्रक्रियाओं की समीक्षा की जाती है। खनिज रियायतें स्वीकृत करने हेतु प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है जिसके अंतर्गत मुख्य खनिजों के प्रस्ताव केन्द्र शासन को भेजे जाते हैं व गौण खनिजों हेतु नियम राज्य में बनाये जाते हैं। कोयला, हीरा, लौह अयस्क, आदि की रॉयल्टी (राजशुल्क) दरों में समयबद्ध पुनरीक्षण हेतु भारत शासन से अनुरोध किया जाता है । केन्द्र शासन द्वारा दिये गये मार्गदर्शन के अनुरूप अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा खनिज राजस्व की हानि रोकने हेतु कठोर प्रावधान किये जाते है। गौण खनिजों खदानों को नीलामी द्वारा प्रदाय करने के अधिकार जिला कलेक्टर को दिये गये है व इनमें प्राप्त राजस्व ग्राम पंचायतों के विकास हेतु सुरक्षित रखा जाता हैं। निर्यात संवर्धन, परिष्करण/प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना आदि के आधार पर सर्वोत्तम आवेदक के चयन हेतु "पहले आओ पहले पाओ"1 को आधार मानने के स्थान पर जिस दिनांक क्षेत्र अनारक्षित घोषित किया गया हो उससे 30 दिन के अंदर प्राप्त आवेदन पत्र को

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

RRIJM 2015, All Rights Reserved

Scanned by CamScanner

प्राथमिकता दी जाती है। निरीक्षण करने हेतु श्रेणी विशेषज्ञों व अधिकारियों को अधिकृत किया जाता है। निरीक्षण गलती निकालने की दृष्टि से नहीं वरन वेधन, विस्फोटक, लोडिंग, परिवहन, सुरक्षा, संरक्षण, तकनीकी पुनर्निर्माण एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के आंकलन हेतु किये जाते हैं।

2. पर्यावरण संरक्षण हेतु नियमों का निर्धारण

विभाग द्वारा खनिज पट्टों के अनुबंध में वृक्षारोपण, खदान से निकले अनुपयोगी पदार्थों को अन्य स्थान पर एकत्रित करने, बंद खदानों के समुचित उपयोग आदि के संबंध में शर्तें सम्मिलित की गयी है तथा इनका पालन आवश्यक किया गया है। अनुबंधों के उल्लंघन करने पर राज्य शासन द्वारा खनिज पट्टों को निरस्त कर दिया जाता है। बंद खदानों का उपयोग भूमिगत जल के पुर्नभरण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। पर्यावरण हेतु सुरक्षित तकनीकों तथा खनन विधियों के उपयोग को प्रोत्साहन तथा बढ़ावा सुनिश्चित किया गया है। पर्यावरण आडिट एवं सुधार के क्षेत्र चिन्हित किये गये हैं। पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों मे राज्य "पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्रतिवेदन"1 तैयार करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। "खनिज विकास निधि"2 के निर्माण हेतु कार्यवाही की जाती है।

3. सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहन

राज्य खनिज नीति के अंर्तगत सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने हेतु गौण खनिजों के पट्टे स्वीकृत करने हेतु गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों/महिलाओं की सहकारी समितियों, बेरोजगार युवकों आदि को प्राथमिकता प्रदान करना। वृहत स्तरीय खनन कंपनियों तथा लघु स्तरीय खनन उद्यमियों के मध्य परस्पर लाभ हेतु सहयोग विकसित करने हेतु व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। विस्तृत पुर्नवास योजना विकसित करना, स्थानीय जनता के हितों की रक्षा हेतु उन्हें खनिज विकास से होने वाले आर्थिक लाभ बाबत् शिक्षित करना।

4. खनिज प्रशासन का सुदृढ़ीकरण

जिला कार्यालयों को कम्प्यूटर के माध्यम से संचालनालय से जोड़कर विभिन्न जानकारियां/पीरियोडिकल रिटर्न्स ऑन–लाईन कराने की प्रक्रिया लागू की गयी है। संचालनालय, क्षेत्रिय कार्यालय व जिला कार्यालयों को आधुनिकीकृत करने का प्रयास किया जा रहा है।

5. खनिजो के अवैध खनन व परिवहन पर नियंत्रण

परिवहन में सर्तकता सुनिश्चित करने हेतु अन्य विभागों के समन्वय से तौल मशीन तथा जांच चौकियों की स्थापना की गयी है। खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर नियंत्रण रखने के लिये विद्यमान नियमों को और अधिक कठोर एवं पभावशाली बनाये गये हैं। खनिजों के परिवहन के लिए राज्य में चरणबद्ध रीति में ई परमिट पद्धति को विकसित किया गया है।अवैध उत्खनन का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय रिजाल्युशन उपग्रह डाटा को उपयोग में लाया जाता है।

निष्कर्ष –

खनिज विकास से संबंधित राज्य सरकार की भूमिका को खनिज नीति में विस्तृत रूप से अध्ययन कर पाया कि नियमों व अधिनियमों की समीक्षा कर उन्हें मूल विशेषताओं के अनुकूल बनाया गया है। इस नीति में बुनियादी सुविधाओं के अनुरूप राज्य के खनन कार्यों में सुविधा, अन्वेषण व खनन का विनियमन निहित है। खनन कार्यकलापों में राज्य एजेंसी व विनियामकों के बीच वांछित दूरी कायम रखी गयी है। खनिज क्षेत्र में दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने तथा निजी निवेश को आकर्षित करने हेतु एक स्थिर, पारदर्शी, प्रभावी संस्थागत एवं नियामक ढाँचा स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

संदर्भित ग्रंथ सूची

1. छत्तीसगढ़ राज्य खान एवं खनिज (विनियम तथा विकास)
2. छत्तीसगढ़ राज्य खनिज रियायत नियम
3. छत्तीसगढ़ राज्य खनिज नीति 2013
4. खनिज संरक्षण तथा विकास नियमावली
5. www.chhttisgarhmines.gov.in
6. www.mines.nic.in
7. www.cmdc.co.in
8. छत्तीसगढ़ राज्य में "खनिज साधन विभाग" के प्रबंधन व संगठन व्यवस्था एवं उपलब्धियों का मूल्यांकन (2003–2013 तक) डॉ. श्वेता तिवारी, डॉ. एस. एस. भाटिया।

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned by CamScanner